छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग को मिला राष्ट्रीय स्तर का प्रतिष्ठित स्कॉच सिल्वर अवार्ड

चर्चा में क्यों?

8 मई, 2023 को छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा विभाग के 'प्रोजेक्ट असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन' को देश की प्रतिष्ठित स्कॉच सिल्वर अवार्ड प्रदान किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- उच्च शिक्षा विभाग को यह अवार्ड देश के कई बड़े एवं महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट के साथ प्रतियोगिता करते हुए कई चरणों की प्रस्तुतीकरण वोटिंग एवं उपलब्धियों के कारण प्रदान किया गया है।
- उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदंडों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है।
- गौरतलब है कि कुल 211 अहर्ता प्राप्त शासकीय महाविद्यालयों में से 197 शासकीय महाविद्यालयों का नैक से मूल्यांकन कराकर छत्तीसगढ़ देश में सर्वोच्च स्थान पर है।
- सरकार के लगातार प्रयासों से कॉलेज में प्रवेश लेने वालों छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जहाँ 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हज़ार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हज़ार 139 हो गई है, जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हज़ार 766 अधिक है।
- कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए छत्तीसगढ़ में विगत 4 वर्षों में कुल 33 नवीन शासकीय एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है।
- राज्य में उच्च शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिये 26 कन्या महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। अन्य महाविद्यालय में सह-अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2018-19 में जहाँ 91,982 छात्रों की तुलना में 1,34,391 छात्राओं ने कॉलेज में एडमिशन लिया वहीं 2022-23 में छात्रों की संख्या 1,28,310 की तुलना में छात्राओं की संख्या 2,06,829 हो गई है। इस प्रकार छात्रों की तुलना में छात्राओं का संख्या 61 प्रतिशत अधिक है।


SKOCH AWARD
EDUCATION
SILVER
DIRECTORATE OF HIGHER EDUCATION
GOVERNMENT OF CHHATTISGARH
FOR
ASSESSMENT AND ACCREDITATION
2023
SAMEER KOCHHAR
CHAIRMAN, SKOCH GROUP

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/the-higher-education-department-of-chhattisgarh-received-the-prestigious-national-level-scotch-silver-award